# U. S. OSTWAL INTERNATIONAL SCHOOL

**OSTWAL WONDER CITY, BOISAR (E)**

**Term-I(2023-24)**

**Name :_______________________** **Time: 2 Hours 30Min**

**Grade : V** **Date: / /23**

**Subject : Hindi** **Max Marks: 80**

**Roll no .________**

**General Instructions:**

- **All questions are compulsory**
- **Do not write the questions. Directly write the answers.**
- **Write the paper neatly. 10 Minutes for reading time.**

## (खंड – क) अपठित गद्यांश

**प्रश्न.1 नीचे दिए गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** **(5)**

एक बार मैं काशी जा रहा था, उस जगह एक तरफ भारी जलाशय और दूसरी तरफ ऊँची दीवार थी। उस स्थान पर बहुत से बंदर रहते थे। काशी के बंदर बड़े दुष्ट थे। अब उनके मस्तिष्क में यह विचार पैदा हुआ कि वे मुझे उस रास्ते से न जाने दें। वे विकट चीत्कार करने लगे और झट आकर मेरे पैरों को जकड़ने लगे। उनको निकट देखकर मैं भागने लगा, किंतु मैं जितना ज्यादा जोर से दौड़ने लगा, वे उतनी ही तेजी से आकर मुझे काटने लगे। अंत में उनके हाथ से छुटकारा पाना असंभव प्रतीत हुआ। ठीक उसी समय एक अपरिचित मनुष्य ने आकर मुझे आवाज दी, "बंदरों का सामना करो।" मैं भी जैसे उलटकर उनके सामने खड़ा हुआ, वैसे ही वे पीछे हटकर भाग गए। इस गद्यांश से यह शिक्षा मिलती है कि जो कुछ भी भयानक है, उसका सामना साहसपूर्ण तरीके से करो।

(क) काशी के बंदर कैसे थे?

(ख) लेखक को डराने के लिए बंदरों ने क्या किया?

(ग) लेखक को बंदरों का सामना करने की प्रेरणा किसने दी?

(घ) बंदरों से छुटकारा पाने के लिए लेखक ने क्या किया?

(ङ) अर्थ लिखिए -: चित्कार

## (खंड – ख) पठित गद्यांश

**प्रश्न.2 नीचे दिए गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** **(5)**

धीरे-धीरे दिन बीत गए और सलीम की प्रतिभा निखरती चली गई। गायन- प्रतियोगिता का दिन भी आ गया। उस दिन सलीम और अंकित के साथ-साथ उनके माता-पिता भी सलीम के विद्यालय गए। सलीम डगमगाते हुए स्टेज की ओर बढ़ा। सभी ने तालियां बजाकर उसका हौसला बढ़ाया। सलीम की मधुर आवाज में देशभक्ति का गीत सुनकर सबकी आंखें नम हो गई। कुछ देर बाद प्रतियोगिता का परिणाम घोषित हुआ जिसमें सलीम को प्रथम पुरस्कार मिला। विद्यालय के प्रधानाचार्य, सभी अध्यापक-अध्यापिकाएं और विद्यार्थी सलीम की प्रशंसा करने लगे और विद्यालय का प्रांगण तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। उस दिन के बाद सलीम में हर चीज के प्रति आत्मविश्वास उत्पन्न हो गया अब उसके पढ़ाई में भी अच्छे अंक आने लगे।

क) किसकी प्रतिभा निखरती चली गई?

ख) सलीम को गायन प्रतियोगिता में कौन- सा पुरस्कार प्राप्त हुआ?

**ग) नीचे दिए गए उत्तर के प्रश्न बनाइए?**

क) सभी ने तालियां बजाकर सलीम का हौसला बढ़ाया।

ख) सलीम ने गायन प्रतियोगिता में देश भक्ति का गीत सुनाया।

**घ) नीचे दिए शब्दों के अर्थ लिखिए।**

आत्मविश्वास- ____________

प्रांगण- ______________

**प्रश्न-3) नीचे लिखे पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (5)**

जो निकल कर बादलों की गोद से
थी अभी एक बूंद कुछ आगे बढ़
सोचने फिर-फिर यही जी में लगी
आह! क्यों घर छोड़कर मैं यों कढ़ी।
दैव! मेरे भाग्य में है क्या बदा
मैं बचूंगी या मिलूंगी धूल मे।
या जलूंगी गिर अंगारे पर किसी
चू पड़ूंगी या कमल के फूल में।

क) इस कविता में किसका वर्णन किया गया है?

ख) बूंद घर से निकलकर क्या सोचने लगी?

**ग) सही उत्तर चुनकर (✓) का निशान लगाइए।**

- बूंद किसके बारे में सोच रही हैं?

( ) अपने बारे में ( ) बादल के बारे में ( ) लोगों के बारे में

**घ) 'बादल'** का दो पर्यायवाची लिखें।

घ) धूल' का वर्ण विच्छेद कीजिए।

**प्रश्न 4.नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (5)**

क) न्यायधीश कौन था?

ख) पतंग की डोर से कौन उलझ गया?

ग) मां ने घायल कबूतर को कहां रखा?

घ) भालू किसका वकिल था?

ङ) अदालत में किस का मुकदमा पेश किया गया था?

**प्रश्न 5. रेखांकित शब्दों के वचन बदलकर वाक्य दोबारा लिखिए। (3)**

क) चाट पर मक्खियां भिनभिना रही थी।

ख) नेहा दवाई ले आए।

ग) हमें अपने अधिकारों के लिए अवश्य बोलना चाहिए।

**प्रश्न 6. कोष्ठक में से उचित शब्द लेकर खाली जगह भरिए।**

(क) फ़ाइलें लिए बंदर पीछे-पीछे___________है। (आते, आती, आता)

(ख) कोयल चुप हो ___________है। (जाती, जाते, जाता)

(ग) बच्चे कौए और उसकी पत्नी के पास पले-बढ़े___________। (था, थी, थे)

(घ) मेरे वकील सही कह रहे___________। (हैं, हूँ, हैं)

**प्रश्न 7.नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर वाक्यों में दीजिए। (6)**

क) नन्हे बीज के वृक्ष बनने पर क्या हुआ?

ख) पक्षियों के ठीक होने पर क्या किया जाता है?

**प्रश्न 9.किसने, किससे कहा- (3)**

क.सारे पक्षी एक साथ पहली मंजिल पर ही होते हैं?

ख. यह अस्पताल कब शुरू हुआ था ?

ग . किस मंजिल पर तो बहुत ही हर्ष और उल्लास का वातावरण होता है?

**खंड -ग व्याकरण अवबोधन**

**प्रश्न10. नीचे दिए शब्दों के जोड़े बनाइए। (3)**

माता , पढ़ना ,चाट, किताबें ,उछलता, अपने

**प्रश्न11. नीचे दिए शब्दों के लिंग बदलिए। (3)**

माता, छात्रा, धोबिन, अध्यापिका, बच्ची, बहन

**प्रश्न 12. नीचे दिए मुहावरों का वाक्य में प्रयोग कीजिए। (3)**

पीठ थपथपाना, गदगद होना, सन्न रह जाना

**प्रश्न 13.मूल्यपरक प्रश्न:- (किसी एक ) (5)**

1.आप किसी दिव्यांग व्यक्ति की सहायता कैसे करेंगे?

2.पर्यावरण संरक्षण में वृक्ष किस प्रकार सहयोगी है?

**प्रश्न 14. वाक्यांशों के लिए एक शब्द लिखिए। (5)**

न्याय करने वाला

झूठ बोलने वाला

धोखा देने वाला

पढ़ा लिखा ना हो

काम से जी चुराने

**प्रश्न 15. नीचे दिए शब्दों के विलोम शब्द लिखिए। (4)**

मौखिक,परतंत्र,सत्य,प्रेम

**प्रश्न 16.नीचे दिए तत्सम शब्दों का तद्भव रूप से मिलान कीजिए। (2)**

| तत्सम | तद्भव |
| --- | --- |
| पत्र | आँख |
| गृह | रात |
| अक्षि | पत्ता |
| रात्रि | पंछी |
| पक्षी | घर |

**प्रश्न 17. भारत में बहुत से राष्ट्रीय उद्यान और पक्षी विहार स्थित है किन्हीं पांच के नाम लिखिए और वह किस राज्य में स्थित है? (5)**

**(खंड -घ लेखन अवबोधन)**

**प्रश्न 18. पतंग उड़ाने को लेकर तीन मित्रों के बीच संवाद लिखिए। (5)**

**प्रश्न 19. नीचे दिए संकेत बिंदुओं के आधार पर निबंध लिखिए। (5)**

**1. जंक फूड**

- जंक फूड क्या है?
- हमें जंग फूड क्यों नहीं खाना चाहिए?
- जंक फूड खाने से क्या-क्या नुकसान है?

**2. विद्यालय का वार्षिकोत्सव**

- वार्षिकोत्सव में किस-किस ने भाग लिया?
- विद्यालय को किस प्रकार सजाया गया?
- कार्यक्रम कितने बजे शुरू हुआ?
- किस-किस को पुरस्कार मिला?

**प्रश्न 20. अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य को 3 दिन का अवकाश मांगते हुए पत्र लिखिए? (5)**

## *ALL THE BEST*